देवेन्द्र प्रताप सिंह
सदस्य
विधान परिषद्
गोरखपुर–फैजाबाद स्नातक निर्वाचन क्षेत्र
सभापति,
वित्तीय एवं प्रशासकीय विलम्ब समिति।
पत्रांक सं0 670 /स. वि.प्र. वि. स./22

16/ए, दारूल शफा, लखनऊ।
श्यामकुंज कालोनी, पो0 रेलवे कालोनी ब्रांच
सरकुलर रोड, गोरखपुर।
पिनकोड– 273012
मो: 9415095022
दिनांकः–08 अगस्त, 2022

माननीय बेसिक शिक्षा मंत्री जी,
उत्तर प्रदेश।

महोदय,

सादर अवगत कराना है कि मेरे द्वारा पूर्व में प्रेषित पत्रांक सं0 517/स.वि.प्र.वि.स./21 दिनांक 06 जनवरी, 2022 के कम में सुश्री स्वाति जनपद गाजियाबाद एवं 128 अन्य प्रदेश के कतिपय जनपदों के प्रार्थीगण द्वारा हस्ताक्षरित संलग्न प्रार्थना पत्र आपको भेजा गया था, जिसके द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में 69000 भर्ती परीक्षाओं में ऑनलाइन आवेदन करने में कतिपय त्रुटियॉ हो गयी थी। इसी प्रकार की अधिकांश त्रुटियों का निस्तारण करते हुये आवेदकों को नियुक्ति प्रदान की जा चुकी है। मात्र प्राप्तांक अधिक पूर्णांक कम वाली त्रुटियों का निस्तारण अभी तक नही किया गया है। आवेदकों का अनुरोध इसी त्रुटि को दूर करने से सम्बन्धित है, जिसके कारण इनकी नियुक्ति में विलम्ब हो रहा है।

अतः बेसिक शिक्षा विभाग के शासनादेश सं0 9936–10012/ 2018–19 दिनांक 11.10.2018 को दृष्टिगत रखते हुये शासनादेश दिनांक 05.03.2021 शासनादेश सं0 80/68–5–2021 को संशोधित करते हुए समान न्याय एवं नैसर्गिक सिद्धान्त के आधार पर उक्त स्वाती एवं अन्य अभ्यर्थियों जिनके द्वारा आवेदन पत्र में प्राप्तांक अधिक/पूर्णांक कम की त्रुटिपूर्ण सूचनायें अंकित की गयी हैं के वास्तविक अंको के आधार पर गुणांक की गणना किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थियों का गुणांक सम्बंधित राज्य स्तर की तृतीय काउंसलिंग के उपरान्त अपनी कैटगरी में चयनित अन्तिम अभ्यर्थी के गुणांक से अधिक हो रही है तो उनके मूल अभिलेख के अनुसार वास्तविक गुणांक की गणना के आधार पर विसंगतियों का निस्तारण कर अभ्यर्थियों को यथाशीध्र नियुक्ति पत्र प्रदान करने की कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए इस सचिवालय को अवगत कराने का कष्ट करे।

संलग्नक – उपरोक्तानुसार।

(देवेन्द्र प्रताप सिंह)

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. महानिदेशक, बेसिक शिक्षा निदेशालय, निशातगंज, लखनऊ।

(देवेन्द्र प्रताप सिंह)